WWW.JAGRANJOSH.COM

आईबीपीएस-सीडब्ल्यूई लिपिकीय परीक्षा (1st Siting) 11-दिसम्बर-2011: सामान्य सचेतता का प्रश्नपत्र

## सामान्य सचेतता (बैंकिंग उद्योग के विशेष संदर्भ में)

प्र.151. निम्नलिखित में से क्या वाणिज्यिक बैंक का कार्य नहीं है ?
(1) परियोजना वित्त देना
(2) ग्राहकों की ओर से भुगतानों का निपटान
(3) CRR, SLR और रिपो दरों जैसी नीतिगत दरें तय करना
(4) क्रेडिट/डेबिट/ATM कार्ड जारी करना
(5) लाकर सुविधा, विप्रेषण जैसी सेवाएं देना

प्र.152. भारतीय निर्वाचन आयोग निम्नलिखित में से हमारे पड़ोस के किस देश के निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहा है ?
(1) नेपाल (2) पाकिस्तान (3) चीन (4) बांग्लादेश (5) भूटान

प्र.153. धनशोधन क्या है ?
(1) आस्तियों का नकदी में परिवर्तन
(2) अवैध रूप से प्राप्त धन का परिवर्तन
(3) नकदी का स्वर्ण में परिवर्तन
(4) स्वर्ण का नकदी में परिवर्तन
(5) स्वर्ण का विदेशी मुद्रा में परिवर्तन

प्र.154. विभिन्न समाचारपत्रों व पत्रिकाओं की रिपोर्टों के अनुसार, 'IAEA' गवर्नरों ने सुरक्षा योजना का अनुमोदन किया ताकि इसे अपनाना चाहने वाले सभी देश इसका कार्यान्वयन कर सकें । IAEA एक एजेंसी/संगठन है जो निम्नलिखित क्षेत्र में काम करता है ।
(1) आणविक ऊर्जा (2) विश्व व्यापार (3) अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग (4) रक्षा (5) समाज कल्याण

प्र.155. डेबिट कार्ड की एक प्रमुख विशेषता निम्नलिखित में से कौनसी नहीं है ?
(1) बैंकों के लिए कोई अशोध्य ऋण नहीं और वसूली हेतु कोई वाद नहीं ।
(2) बैंकों के लिए कोई ब्याज अर्जन नहीं ।
(3) सामान्य आहरण पर्ची की तरह कार्य करता है ।
(4) कार्ड धारक को 45 दिन के लिए उधार दिया जाता है ।
(5) उपरोक्त सभी

प्र.156. _____ के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार दिया जाता है ।
(1) साहित्य (2) संगीत (3) खेलकूद (4) विज्ञान व प्रौद्योगिकी (5) समाजसेवा

प्र.157. निम्नलिखित में से किसका निधीयन मूलभूत सुविधा क्षेत्र के लिए ऋण नहीं है ?
(1) हाइवे परियोजना
(2) शैक्षिक संस्था का निर्माण
(3) अस्पताल का निर्माण
(4) पेट्रोलियम पाइपलाइन बिछाना
(5) उच्च शिक्षा

प्र.158. हिन्दी में लिखी गई प्रसिद्ध पुस्तक 'राग दरबारी' _____ ने लिखी है ।
(1) श्री अमरकांत (2) श्री श्रीलाल शुक्ल (3) श्री निर्मल वर्मा (4) श्री हरिवंश राय बच्चन (5) श्रीमती मालती जोशी

प्र.159. हमारे देश में मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक निम्नलिखित में से क्या उपाय करता है ?
(1) CRR में वृद्धि
(2) SLR में वृद्धि
(3) मुद्रा आपूर्ति संकुचन
(4) रिपो/रिवर्स रिपो दर बढ़ाना
(5) SLR कम करना

प्र.160. हाल ही में मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली लीला लोपेस _____ की नागरिक हैं ।
(1) USA (2) ब्रिटेन (3) ब्राज़ील (4) भारत (5) अंगोला

प्र.161. विलास वस्तुओं के क्रय के लिए बैंकों द्वारा किस प्रकार का ऋण दिया जाता है ?
(1) उपभोग ऋण (2) बंधक ऋण (3) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु ऋण (4) आवास ऋण (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.162. सुश्री हेल्ली थोर्निंग श्मिट _____ की पहली महिला प्रधानमंत्री है ।
(1) नोर्वे (2) ब्राज़ील (3) डेनमार्क (4) अर्जेंटिना (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.163. गतावधि चेक क्या होता है ?
(1) बिना आहर्ता के हस्ताक्षर जारी चेक
(2) केवल आहर्ता के हस्ताक्षर वाला चेक
(3) चेक जिसके जारी होने की तारीख से छह महीने पूरे हो गए हैं ।
(4) छह महीने का उत्तरदिनांकित चेक
(5) इनमें से कोई भी

प्र.164. अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) की 34 वीं महासभा हाल ही में _____ में आयोजित की गई थी ।
(1) लंडन (2) नयी दिल्ली (3) विएना (4) मिलान (5) स्टाकहोम

प्र.165. सीता के बचत खातों में राम का नामांकन किया गया है। सीता अस्वस्थ है अतः राम बैंक के प्राधिकारियों से खाते के परिचालन की उसे अनुमति देने के लिए अनुरोध करता है। बैंक क्या करेगा ?
(1) बैंक सम को खाते का परिचालन करने देगा क्योंकि वह नामिती है।
(2) जमाकर्ता की मृत्यु के बाद ही नामांकन प्रभावी होता है अतः बैंक अनुमति नहीं देगा।
(3) नामिती होने के साथ-साथ राम सीता का पति भी है अतः बैंक को अनुमति देनी चाहिए।
(4) दीर्घावधि संबंधों के कारण और सीता के प्रति हमदर्दी के कारण बैंक अनुमति दे सकता है।
(5) बैंक राम से एक वचन पत्र लेकर उसे खाते का परिचालन करने दे सकता है।

प्र.166. पुस्तक "लास्ट मैन इन दि टावर" का लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?
(1) विक्रम सेठ (2) किरण देसाई (3) शोभा डे (4) चेतन भगत (5) अरविंद अडिगा

प्र.167. निम्नलिखित में से क्या परक्राम्य लिखत का 'महत्वपूर्ण परिवर्तन' है ?
(1) आदेश चेक का वाहक चेक में परिवर्तन (2) वाहक चेक का आदेश चेक में परिवर्तन (3) अरेखित चेक का रेखन
(4) कोरे चेक पर राशि लिखना (5) चेक के पीछे हस्ताक्षर करना

प्र.168. UNESCO ने निम्नलिखित में से किस दिन को "अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" घोषित किया था ?
(1) 8 सितंबर (2) 18 सितंबर (3) 18 अक्टूबर (4) 8 अक्टूबर (5) 28 नवंबर

प्र.169. पद 'बंधक' से आप क्या समझते हैं ?
(1) उधारकर्ता द्वारा चूक की स्थिति में चल प्रतिभूति का विक्रय।
(2) कंपनी रजिस्ट्रार के पास भार रजिस्ट्रीकरण।
(3) उधारकर्ता द्वारा आवास ऋण के कवर के रूप में उपलब्ध अचल संपत्ति को प्रतिभूति बनाना।
(4) क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट प्राधिकरण के पास भार का रजिस्ट्रेशन
(5) पूर्ण भुगतान की प्राप्ति पर उधारकर्ता को बैंक द्वारा प्रतिभूति की वापसी

प्र.170. प्रादेशिक सेना में एम. एस. धोनी को निम्नलिखित में से कौनसी मानद पदवी दी गई है ?
(1) मेजर जनरल (2) सार्जेन्ट (3) मेजर (4) लेफ्टिनेंट कर्नल (5) कर्नल

प्र.171. भारत में खुदरा ऋण का सर्वाधिक प्रतिशत निम्नलिखित में से किसका है ?
(1) ऑटो ऋण (2) वैयक्तिक ऋण (3) वैयक्तिक ओवरड्राफ्ट (4) उपभोक्ता ऋण (5) आवास ऋण

प्र.172. निम्नलिखित में से अनाज की फसल कौनसी है ?
(1) पटसन (2) जात्रोफा (3) जुवार (4) कपास (5) तंबाकू

प्र.173. निम्नलिखित में से किस कार्ड से बैंक को उच्च ऋण जोखिम है ?
(1) डेबिट कार्ड (2) क्रेडिट कार्ड (3) ATM कार्ड (4) उपरोक्त सभी (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.174. निम्नलिखित में से कौन खेलकूद से जुड़ा व्यक्ति नहीं है ?
(1) सानिया मिर्ज़ा (2) अज़ीम एच. प्रेमजी (3) लियेन्डर पेस (4) रिकी पांटिंग (5) राहुल द्रविड

प्र.175. किसी आस्ति का मूल्यह्रास क्यों होता है ?
(1) यूनिट में आग (2) चोरी (3) श्रमिक समस्या (4) टूट-फूट (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.176. निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का संबंध कार रेसिंग से है ?
(1) ट्वेन्टी-20 (2) फिफा विश्व कप (3) दुबई ओपन (4) सिंगापुर ग्रां प्रि (5) ग्रैंड मास्टर

प्र.177. निम्नलिखित में से क्या वाणिज्यिक बैंक के लिए निधियों का स्रोत नहीं है ?
(1) पूंजी (2) RBI से उधार (3) मांग मुद्रा उधार
(4) जमा राशियां (5) RBI के पास नकदी आरक्षितियां

प्र.178. निम्नलिखित में से कौन एक गोल्फ खिलाड़ी है जो अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व करता है ?
(1) महेश भूपति (2) पंकज अडवानी (3) जीव मिल्खा सिंह (4) विजेंद्र सिंह (5) जहीर खान

प्र.179. निम्नलिखित में से कौनसा एक क्रेडिट कार्ड एसोसियेशन है ?
(1) इंडिया कार्ड (2) मास्टर कार्ड (3) SBI कार्ड्स (4) सिटी बैंक कार्ड्स (5) BOB कार्ड

प्र.180. निम्नलिखित में से कौनसी भारतीय कंपनी ट्रैक्टर बनाती है ?
(1) मारुति सुजुकी (2) फोर्ड मोटर्स (3) अशोक लेलैंड (4) महिन्द्र गुजरात (5) टाटा मोटर्स

प्र.181. निम्नलिखित में से कौनसी एक इलेक्ट्रानिक बैंकिंग डिलीवरी चैनल नहीं है ?
(1) मोबाइल वैन (2) मोबाइल फोन बैंकिंग (3) इंटरनेट बैंकिंग (4) टेली बैंकिंग (5) ATM

प्र.182. निम्नलिखित में से कौनसी महिला केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री है ?
(1) श्रीमती एम. विजया शांति (2) श्रीमती प्रिया दत्त (3) श्रीमती सोनिया गांधी
(4) श्रीमती सुष्मा स्वराज (5) श्रीमती अंबिका सोनी

प्र.183. दर, जिस पर देशी मुद्रा विदेशी मुद्रा में परिवर्तित की जा सकती है और उससे विपरीत, इसे _____ कहते हैं।
(1) विनिमय दर (2) MIBOR (3) अंतर बैंक मांग मुद्रा दर (4) आधार दर (5) LIBOR

प्र.184. निम्नलिखित में से कौनसी भारत की एक प्रमुख IT कंपनी नहीं है ?
(1) CMC लि. (2) रैमंड्स (3) HCL टेक्नालाजीस
(4) इन्फोसिस टेक्नालाजीस (5) टाटा कनसल्टैंसी सर्विसेस

प्र.185. निम्नलिखित में से कौनसी संस्था एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी है ?
(1) CIBIL (2) DICGC (3) BCSBI (4) ARCIL (5) IRDA

प्र.186. अर्थशास्त्र के क्षेत्र में निम्नलिखित में से किस पद का प्रयोग होता है ?
(1) बायोस्फीयर (2) एक्सचेंज रेट (3) ईक्वेटर (4) हार्मोनिक ट्रेमर (5) लिग्नाइट

प्र.187. चेक पर किए गए रेखन को अपने पूरे हस्ताक्षर के तहत चेक का _____ रद्द कर सकता है।
(1) आदाता (2) आहरिती (3) पृष्ठांकक (4) धारक (5) आहर्ता

प्र.188. वर्तमान में निम्नलिखित में से कौन किसी देश का राष्ट्रपति है ?
(1) बैन-की-मून (2) पास्कल लेमी (3) मार्गरेट चेन (4) डिमित्री मेड्वेडेव (5) कौशिक बसु

प्र.189. निम्नलिखित में से किस वर्ग का अग्रिम खाता एक NPA नहीं है ?
(1) मानक खाता (2) अवमानक खाता (3) संदिग्ध खाता (4) हानि खाता (5) सभी (1) से (4) NPA हैं

प्र.190. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत सरकार का कैबिनेट सचिव है ?
(1) श्री अजीत कुमार सेठ (2) श्री रंजन मथाई (3) श्री शिव शंकर मेनन (4) श्री आर. के. सिंह (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.191. क्रिकेट के खेल में निम्नलिखित में से किस पद का प्रयोग होता है ?
(1) लेग-बाई (2) स्मैश (3) किडनी पंच (4) ड्यूस (5) लव

प्र.192. निम्नलिखित में से क्या एक धातु है ?
(1) क्लोरीन (2) जिन्क (3) निओन (4) आयोडीन (5) हाइड्रोजन

प्र.193. भारत के अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान का नाम निम्नलिखित में से क्या है ?
(1) एडुसैट (2) G-SAT (3) PSLV (4) कल्पना 1 (5) HTPB

प्र.194. प्रसिद्ध रशियन क्लासिक पुस्तक "दि मदर" का लेखक कौन है ?
(1) मैक्सिम गोर्की (2) वाल्दीमीर नबोकोव (3) लिओ टोल्सटॉय (4) एड्गर एलन पो (5) निकिता क्रुश्चेव

प्र.195. निम्नलिखित में से क्या किसी खेल का नाम नहीं है ?
(1) बिलियर्ड्स (2) पोलो (3) ब्रिज (4) रेस्लिंग (5) ऑलिंपिक

प्र.196. भारत में समानतः लोकप्रिय चीनी खाद्य वस्तु का निम्नलिखित में से क्या नाम है ?
(1) चॉपस्टिक्स (2) सूमो (3) चाउमीन (4) फेंगशुई (5) कांजी

प्र.197. करण जोहर ने निम्नलिखित में से किस फिल्म का निर्देशन किया है ?
(1) वेक अप सिड (2) चांदनी बार (3) माई नेम इज खान (4) फैशन (5) रा.वन

प्र.198. 2011 में ब्रजेश मिश्र को निम्नलिखित में से कौनसा पुरस्कार दिया गया है ?
(1) पद्म विभूषण (2) भारत रत्न (3) राजीव गांधी खेल रत्न (4) पद्मश्री (5) मैन ऑफ़ दि इयर 2011

प्र.199. मध्य प्रदेश की राजधानी निम्नलिखित में से कौनसी है ?
(1) इंदौर (2) लखनऊ (3) देहरादून (4) भोपाल (5) रायपुर

प्र.200. काबुल, _____ का एक शहर है।
(1) पाकिस्तान (2) नेपाल (3) भूटान (4) बांग्लादेश (5) अफगानिस्तान